## हादसे में बोलेरो चालक की मौत

**निवाई।** लालसोट हाइवे पर स्थित दहलोद मोड पर एक बोलेरो कार व कंटेनर में भिड़न्त हो गई। जिसमे बोलेरो चालक की मृत्यु हो गई। दतवास थानाधिकारी निरमा मीणा ने बताया कि लालसोट हाइवे पर स्थित दहलोद मोड़ पर एक बोलेरो कार व कंटेनर में जोरदार भिड़न्त हो गई। जिसमें बोलेरो चालक महेंद्र (22) पुत्र दयाराम मीणा निवासी महापुरा उर्फ तुर्किया की घटना स्थल पर ही मौत हो गई।

सूचना पर दतवास पुलिस मौके पर पहुंची और शव को 108 एंबुलेंस की मदद से निवाई उप जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। पुलिस ने घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दी। सूचना पर परिजन अस्पताल में पहुंचे। जहां कोहराम मच गया।

पुलिस ने मृतक के परिजनों को आने के बाद शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने बताया कि मृतक तुर्किया में टेंट व्यवसाय का कार्य करता था। मृतक की शादी 3 वर्ष पूर्व हुई थी। उसका पहला बच्चा अभी गर्भ में है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# दिल्ली-जयपुर बस स्टैंड के पास हादसा, चालक ने कूदकर बचाई जान

**पावटा।** राष्ट्रीय राजमार्ग-48 पर पावटा कस्बे में दिल्ली-जयपुर बस स्टैंड के पास शुक्रवार को उस समय बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब एक ट्रेलर की बॉडी लेकर जा रही एक क्रेन की ब्लकर ट्रेलर से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों भारी वाहनों के आगे के हिस्से क्षतिग्रस्त हो गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार क्रेन एक ट्रेलर की बॉडी को लेकर जा रहा था इसी दौरान ब्लकर ट्रेलर से क्रेन की भिड़ंत हो गई। अचानक हुई टक्कर से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे के दौरान स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए चालक ने वाहन से कूदकर अपनी जान बचाई। गनीमत रही कि हादसे में किसी बड़े जनहानि की सूचना नहीं है। मौके पर मौजूद लोगों ने राहत की सांस ली।



डीएलएसए सचिव अजीत कुड़ी ने पुलिस थाना ततारपुर का निरीक्षण किया।

- राष्ट्रीय राजमार्ग-48 पर ट्रेलर बॉडी लेकर आ रही क्रेन और ब्लकर ट्रेलर की भिड़ंत
- बड़ा हादसा टला

यदि उस समय आसपास अन्य वाहन या लोग मौजूद होते तो हादसा और भी भयावह हो सकता था। हादसे के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर कुछ समय के लिए यातायात व्यवस्था प्रभावित हुई। दुर्घटनाठास्त भारी वाहनों को देखकर मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। हाईवे पर दोनों वाहनों की स्थिति के चलते वाहन चालकों को भी परेशानी का सामना करना पडा।

जाम की स्थिति को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस मनोज, नेकीराम ने ट्रैफिक व्यवस्था संभालते हुए क्षतिग्रस्त वाहनों को क्रेन की सहायता से एक तरफा करवा यातायात सुचारू करवाया। हादसे में किसी की जान नहीं जाने से लोगों ने राहत की सांस ली। हालांकि, जिस तरह से दो भारी वाहनों की टक्कर हुई, उससे एक बार फिर राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात सुरक्षा और गलत दिशा में दौड़ते भारी वाहनों की समस्या पर सवाल खड़े हो गए हैं।

## बैराठी का जांगिड समाज ने स्वागत किया

**निवाई।** गांव श्रीसुखपूरा में अखिल भारतीय श्रम गौरव महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश बैराठी का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लल्लू लाल सेदरिया के सानिध्य में जांगिड़ समाज द्वारा राजस्थानी परम्परानुसार माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश बैराठी ने कहा कि समाज को और अधिक सुदृढ बनाने के लिए हमें संगठित शक्ति व दूरगामी सोच के साथ आगे बढ़ना होगा।

उन्होंने कहा कि पारंपरिक कौशल के साथ-साथ नई पीढ़ी को उच्च शिक्षा, आधुनिक तकनीक, डिजिटल नवाचार व प्रतियोगी परीक्षाओं में अग्रणी बनाना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि युवाओं को स्वरोजगार व नए व्यावसायिक उद्यमों में आगे आना होगा, ताकि वह केवल नौकरी पाने वाले ही नहीं, बल्कि रोजगार देने वाले भी बनें। उन्होंने बताया कि महासभा सदैव श्रम के सम्मान, स्वाभिमान व समाज के हक व अधिकारों की रक्षा के लिए तत्पर है।

## सार-समाचार

## महाराणा प्रताप के शौर्य, प्रशासनिक कौशल पर विद्यार्थियों ने विचार रखे



**चौमूं / कालाडेरा** । सेठ आरएल सहरिया राजकीय पीजी महाविद्यालय, कालाडेरा में प्रताप गौरव केन्द्र , उदयपुर तथा आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के संयुक्त तत्वावधान में 'दिवेर विजय महोत्सव-2026' के अवसर पर महाविद्यालय स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय 'विजयी योद्धा एवं कुशल प्रशासक के रूप में महाराणा प्रताप' रखा गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने महाराणा प्रताप के अदम्य शौर्य, संघर्ष, राष्ट्रिनष्ठा, स्वाभिमान, कुशल नेतृत्व तथा प्रशासनिक क्षमता पर प्रभावशाली ढंग से अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने महाराणा प्रताप के जीवन-संघर्ष को केवल युद्ध और विजय तक सीमित न मानते हुए उसे स्वाभिमान, राष्ट्रिहत और नेतृत्व के प्रेरणादायी आदर्श के रूप में रेखांकित किया। कार्यक्रम में कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. सुमन भाटिया एवं वरिष्ठ संकाय सदस्य प्रोफ़ेसर सी.एल. परिहार की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने प्रतिभागी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन विपरीत परिस्थितियों में भी अपने सिद्धांतों और स्वाभिमान पर अडिग रहने की प्रेरणा देता है। विद्यार्थियों को उनके शौर्य, राष्ट्रिनष्ठा और आदर्शों से प्रेरणा लेकर अपने जीवन में दृढ़ता, नेतृत्व और कर्तव्यबोध विकसित करने का संदेश दिया। प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल में डॉ. सुधा राठी, डॉ. वीणा माथुर एवं डॉ. चित्रा व्यास शामिल रहीं। निर्णायकों ने प्रतिभागियों का मूल्यांकन विषय-वस्तु, तथ्यात्मकता, अभिव्यक्ति, भाषण शैली, आत्मविश्वास, उच्चारण, समय-प्रबंधन एवं समठा प्रभाव जैसे विभिन्न मानकों के आधार पर किया। प्रतियोगिता में अभिप्राय शर्मा ने प्रथम, प्रियंका कुमावत ने द्वितीय तथा सिमरन चौधरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय स्तर पर प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का चयन आगामी जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता के लिए किया गया है। ये विद्यार्थी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में महाविद्यालय के एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुरेन्द्र मीणा, डॉ. शिखा पाटनी एवं डॉ. सुरेन्द्र गोलाडा ने संयुक्त रूप से समन्वय एवं संचालन की जिम्मेदारी निभाई। उनके मार्गदर्शन एवं समन्वय से प्रतियोगिता सुचारू रूप से संपन्न हुई। आयोजकों के अनुसार प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति, ऐतिहासिक चेतना, नेतृत्व क्षमता तथा भारतीय वीर परंपरा के प्रति सम्मान की भावना को सुदृढ़ करना और उन्हें महाराणा प्रताप के जीवन-मूल्यों से प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित करना रहा।

## पत्रकारों से बदसलूकी पर रोष

**टोंक।** नगर निकाय चुनाव की कवरेज के दौरान पत्रकारों के साथ पुलिसकर्मियों के कथित दुर्व्यवहार को लेकर शुक्रवार को मुख्यालय स्थित डाक बंगले पर पत्रकार सघं की बैठक आयोजित हुई। बैठक में मतदान केंद्रों पर कवरेज के दौरान सामने आई घटनाओं पर चर्चा करते हुए पत्रकारों ने नाराजगी जताई और मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की। पत्रकारों ने आरोप लगाया कि 10 सितंबर की शाम नगर परिषद स्थित मतदान केंद्र पर मतदान दलों की तैयारियों की कवरेज के लिए पहुंचे संवाददाता पवन शर्मा से एएसआई जयसिंह ने बदसूलकी की तथा 11 सितंबर की सुबह वरिष्ठ पत्रकार मनोज तिवारी के साथ भी वार्ड 27 में हंगामे की सूचना पर कवरेज के लिए पहुंचे पत्रकार पुरुषोत्तम जोशी को कोतवाली थानाधिकारी एवं पुलिसकर्मी द्वारा गाली-गलौज और बदसलूकी करने का आरोप लगाया। पत्रकार संघ ने ऐसी घटनाओं के बाद पुलिस अधीक्षक रोशन मीणा को ज्ञापन सौपकर मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा जांच में आरोप सही पाए जाने पर संबंधित पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है। पत्रकारो ने बताया कि चुनाव प्रशासन, पुलिस और मीडिया के बीच आपसी समन्वय बेहद जरूरी है। नियमों का पालन भी हो और पत्रकारों को सम्मानजनक तरीके से अपना दायित्व निभाने का अवसर भी मिले, यही स्वस्थ लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए आवश्यक है। आगे ऐसी स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए निर्वाचन आयोग को मीडिया कवरेज से जुड़े निर्देश पहले से स्पष्ट और व्यावहारिक रूप से जारी करे ताकि प्रशासन, पुलिस और पत्रकारों के बीच किसी प्रकार का असमंजस न रहे। बैठक में मनोज तिवारी, प्रेम रघुवंशी, सत्यनारायण चावला, भगवान, पवन शर्मा राहुल राजंवशी, भूपेंद्र सिंह, रविंद्र जोहरी, रामावतार धाभाई, अरशद शाहीन, दौलत महावर, रोहित, ओम प्रकाश पारीक, विनोद शर्मा, अशोक शर्मा, सुरेंद्र गुप्ता, फिरोज उस्मानी, मोईन हीना, पुरुषोत्तम जोशी, कमलेश शर्मा, विजय लखवानी, हसीन खान सहित अन्य पत्रकार मौजूद रहे।

## कल घर-घर पूजे जाएंगे गणपति, मंदिरों में होंगे विशेष आयोजन

**फुलेरा।** सभी देवी-देवताओं में प्रथम पूज्य भगवान गणेश का जन्मोत्सव गणेश चतुर्थी के अवसर पर रविवार को घर-घर एवं विभिन्न मंदिरों में समारोहपूर्वक मनाया जाएगा। इस अवसर पर श्री सिद्ध गणेश मंदिर, न्यू कॉलोनी, भंन्दे के बाबाजी तथा जीआरपी थाने के पास स्थित श्री शीतलदास बाबा की बगीची में विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर श्री शीतलदास बाबा की बगीची सेवा समिति की बैठक शनिवार को मंदिर परिसर में संरक्षक कैलाश सोनी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार रविवार को दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक हल्दी एवं मेहंदी कार्यक्रम होगा। सोमवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक भगवान गणेश का अभिषेक तथा शाम को मेले का आयोजन किया जाएगा। बैठक में समिति अध्यक्ष विष्णु कायल, रामप्रसाद गुप्ता, छत्रपाल कुमावत, हनुमान माठेठिया, कान सिंह, इन्द्रचंद कुमावत, पुजारी सुनील एवं अजय सहित समिति के सदस्य मौजूद रहे।

## किशोरी स्वास्थ्य जागरूकता पर व्याख्यान

**मनोहरपुर ।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बरोदिया में शुक्रवार को आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य निदेशक एव उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग के निर्देशन में कक्षा 9 एवं 10 की छात्राओं के लिए किशोरी स्वास्थ्य जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी एवं शल्य चिकित्सक डॉ. रोहिताश गुर्जर ने छात्राओं को स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं किशोरावस्था से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान कीं। डॉ. गुर्जर ने अपने संबोधन में किशोरावस्था के दौरान होने वाले शारीरिक एवं मानसिक परिवर्तनों, व्यक्तिगत स्वच्छता, संतुलित आहार, नियमित व्यायाम तथा योग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाए रखने, एनीमिया से बचाव तथा आयरन एवं पोषक तत्वों से युक्त भोजन के नियमित सेवन की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधी भ्रांतियों से दूर रहने तथा किसी भी स्वास्थ्य समस्या की स्थिति में योग्य चिकित्सक से परामर्श लेने की सलाह दी। साथ ही स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनने का संदेश दिया। व्याख्यान के दौरान छात्राओं ने स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका डॉ. गुर्जर ने वैज्ञानिक एवं सरल भाषा में समाधान किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्राएँ उपस्थित रहीं। विद्यालय प्रशासन ने इस उपयोगी एवं जागरूकतापरक व्याख्यान के लिए डॉ. रोहिताश गुर्जर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## वाहनों का आवागमन रहेगा बंद

**निवाई।** नगर पालिका के चुनाव की मतगणना को लेकर सुरक्षा व कानून व्यवस्था को लेकर 14 सितंबर को कृषि उपज मंडी में कृषि जिंसों का व्यापार बंद रहेगा। मंडी सचिव रामलाल जाट ने बताया कि 14 सितंबर को नगरपालिका के चुनाव की मतगणना मंडी समिति के कार्यालय भवन में संपन्न होगी। मतगणना के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मंडी के बाहर झिलाय रोड पर बेरिकेडिंग करवाई गई है। जिसके कारण वाहनों की आवाजाही पर भी पूरी तरह रोक रहेगी। सचिव जाट ने बताया कि रिटर्निंग ऑफिसर गंभीर सिंह के निर्देशानुसार किसानों की सुविधा व मतगणना को लेकर 14 सितंबर को मंडी प्रांगण में कृषि जिंसों की खरीद-फरोख्त एवं वाहनों का आवागमन बंद रखने का निर्णय लिया गया है।

## फुलेरा में कौन होगा पालिकाध्यक्ष, बाड़ेबंदी शुरू

**फुलेरा।** नगरपालिका चुनाव का मतदान सम्पन्न होने के साथ ही पालिकाध्यक्ष पद को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। भाजपा और कांठोस के वरिष्ठ नेताओं ने अपने-अपने प्रत्याशियों से संपर्क साधना शुरू कर दिया है। मतगणना से पहले प्रत्याशियों की बाड़ेबंदी की तैयारियां भी शुरू हो गई हैं। अब शहर में सबसे बड़ा सवाल यही है कि 14 सितंबर को मतगणना के बाद किस पार्टी के पक्ष में बहुमत आएगा और पालिकाध्यक्ष की कुर्सी किसके हाथ लगेगी। भाजपा और कांठोस दोनों ही दलों के नेता बागी प्रत्याशियों को साधने और उन्हें अपने साथ रखने की कवायद में जुटे हैं।

इसके लिए नेताओं की भागदौड़ तेज हो गई है। माना जा रहा है कि मतगणना के बाद बहुमत के आंकड़े को लेकर स्थिति स्पष्ट होने के साथ ही पालिकाध्यक्ष के चुनाव को लेकर राजनीतिक समीकरण तेजी से बदल सकते हैं। इधर, मतदान के बाद चाय-पान की दुकानों से लेकर यात्री चौपालों तक प्रत्याशियों की हार-जीत को लेकर चर्चाओं और दावों का दौर जारी है। समर्थक अपने-अपने प्रत्याशियों की जीत के दावे कर रहे हैं। वहीं कई प्रत्याशियों के परिजन मंदिरों में पूजा-अर्चना कर जीत की कामना कर रहे हैं। कई वार्डों में समर्थक अपने प्रत्याशियों की जीत को लेकर पूरी तरह आश्वस्त नजर आ रहे हैं, जबकि कुछ वार्डों में भीतरघात और मुकाबला कांटे का होने की चर्चा है। चुनाव परिणाम को लेकर प्रत्याशियों और उनके समर्थकों की धडकनें बढ़ी हुई हैं। इस चुनाव में कई स्थानीय नेताओं की प्रतिष्ठा भी दांव पर लगी हुई है। वहीं मतदाताओं ने किसे समर्थन दिया और किसे नकारा, इसका फैसला 14 सितंबर को होने वाली मतगणना के बाद ही सामने आएगा। फिलहाल सभी की निगाहें मतगणना पर टिकी हैं ।

# दौसा में कांग्रेस को बढ़त मिलने की संभावना, निर्दलीयों के सहारे बनेगा बोर्ड

**दौसा** (निसं.)। नगर परिषद के 55 वार्डो के मतदान होने के बाद अब शहर के प्रमुख चौराहों, चोपालों एवं पान की दुकानों पर प्रत्याशियों के हार-जीत को लेकर कयास लगना शुरु हो गया है। इधर मतदान के आये रुझान के बाद दौसा नगर परिषद में कांठोस का बोर्ड बनना लगभग तय हो गया है। वही दूसरी ओर कांठोस एवं भाजपा ने संभावित जीताऊ प्रत्याशियों की बाडाबंदी भी शुरु कर दी है।

उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को मतदान होने के बाद नगर परिषद के 55 वार्डो के प्रत्याशियों के भाग्य एवीएम में बंद हो गये है। भाग्य का फैसला 14 सितंबर को होगा। लेकिन उससे पूर्व शहर के प्रमुख चौराहों, चौपालों एवं पान की दुकानों पर देर रात तक प्रत्याशियों की हार जीत को लेकर कई तरह के कयास लगना शुरु हो गये है तथा सोसियल मीडिया पर संभावित जीताऊ प्रत्याशियों

- मतदान होने के बाद नगर परिषद के 55 वार्डो के प्रत्याशियों के भाग्य एवीएम में बंद हो गये है। भाग्य का फैसला 14 सितंबर को होगा। लेकिन उससे पूर्व शहर के प्रमुख चौराहों, चौपालों एवं पान की दुकानों पर देर रात तक प्रत्याशियों की हार जीत को लेकर कई तरह के कयास लगना शुरु हो गये है

की सूचियां भी जारी की जा रही है। इन सूचियों को लेकर सोसियल मीडिया पर जमकर बहस शुरु हो गई है। उधर मतदान के बाद आये प्रारंभिक रुझान के बाद दौसा नगर परिषद में कांग्रेस का बोर्ड बनना लगभग तय हो गया है। इधर भाजपा भी बूथ लेबल के पदाधिकारियों से मंत्रणा पर भाजपा एवं संभावित निर्दलीय प्रत्याशियों से भी सम्पर्क कर रही है। सूत्रो ने बताया कि कांग्रेस ने जीताऊ प्रत्याशियो की बाडा बंदी की पूर्ण व्यवस्था कर ली है तथा कांग्रेस के बागी प्रत्याशियों से भी लगातार सम्पर्क कर उन्हे पार्टी के साथ आने को न्यौता दिया जा रहा है। कांग्रेस ने नीचले स्तर पर कमेटी का गठन कर संभावित जीताऊ प्रत्याशियों से सम्पर्क स्थापित करने के निर्देश दिये है। वही दूसरी ओर नगर निकाय चुनाव में भाजपा में व्याप्त गुठबाजी का असर निश्चित रुप से दिखाई दिया है। भाजपा के नेता अपने अपने चहेते उम्मीदवारों को जीताने में लगे रहे, लेकिन सामुहिक प्रयास नही किये गये। जबकि कांग्रेस की ओर से सांसद मुरारीलाल मीणा एवं स्थानीय विधायक दीनदयाल बैरवा सहित संगठन के पदाधिकारी एकजुट दिखाई दिये तथा प्रत्याशियों को जीताने के लिए हर संभव प्रयास भी किये गये। कांग्रेस से चार एवं भाजपा तीन उम्मीदवार है सभापति के लिए:कांग्रेस की ओर से मीरा गुर्जर, रसाल देवी जायसवाल, सुनीता सैनी, रेखा प्रजापत मुख्य रुप से सभापति की दौड में है।

वही दूसरी ओर भाजपा की ओर से राधा जायसवाल, कविता गुर्जर एवं गोपाली सैन मुख्य दावेदार है। चुनाव परिणाम आने के बाद ही मुख्य प्रत्याशी का नाम तय किया जावेगा। सूत्रो ने बताया कि कांग्रेस से एक तथा भाजपा के दो सभापति दावेदारी की जीत को लेकर संशय बना हुआ है, जिसके चलते भाजपा एवं कांग्रेस खुलकर नही बोल रहे है।

## भोमिया महाराज का वार्षिक उत्सव आज

**मानपुरा माचेडी ।** मानपुरा माचैड़ी रिको औद्योगिकी क्षेत्र के नजदीक अरावली पर्वत श्रृंखला में स्थित धोलिया भोमिया महाराज का वार्षिक उत्सव व भण्डारा आज है।

भोमिया जी नवयुवक मंडल मानपुरा माचैड़ी के कार्यकर्ताओं ने बताया कि वार्षिक उत्सव का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ शुरू होगा । कलश यात्रा मुख्य बाजार से शुरू होकर लगभग 2 किलोमीटर पहाड़ी स्थित भोमिया जी महाराज के मंदिर पहुंचेगी।

कलश यात्रा के साथ ही भंडारा शुरू होगा साथ हीं भक्ति भजनों का आयोजन होगा । इस मौके पर मंदिर को भव्य रुप से सजाया जायेगा। कार्यकर्ताओं ने बताया कि वार्षिक उत्सव पिछले 25 वर्षों से मनाया जा रहा हैं और प्रति वर्ष भंडारे का आयोजन होता है जिसमे हजारों भक्त प्रसादी ग्रहण करते है।

भंडारे में भोमिया जी नवयुवक मण्डल मानपुरा माचैड़ी के शंकर लाल, रामेश्वर काजला, नटवाडिया पूर्व पंचायत बनवारी लाल जाट, समिति सदस्य मामराज गुर्जर, श्याम सुंदर शर्मा, गोपाल गार्ड कल्याण सहाय, रामलाल जाट, राकेश शर्मा, श्रवण लाल यादव, राजेश शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

## पीपलू में अवैध बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त



पीपलू थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए अवैध बजरी से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त किया।

**टोंक।** जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत पीपलू थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए अवैध बजरी से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर चालक को मौके से गिरफ्तार किया है।

पीपलू थानाधिकारी शिवचरण ने बताया कि थाना पुलिस टीम ने 11 सितंबर को गश्त के दौरान अभियान में कार्यवाही करते हुए ग्राम छोटी गहलोद की स्कूल के पास कच्चे रास्ते से आ रहे ट्रैक्टर की जांच करने उसमें करीब 3 टन अवैध बजरी मिली। जिसके बाद पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी दिलखुश गुर्जर पुत्र राजाराम गुर्जर उम्र 31 साल निवासी मवासीपुरा, थाना बरोनी को

- थाना पुलिस टीम ने 11 सितंबर को गश्त के दौरान अभियान में कार्यवाही करते हुए ग्राम छोटी गहलोद की स्कूल के पास कच्चे रास्ते से आ रहे ट्रैक्टर की जांच करने उसमें करीब 3 टन अवैध बजरी मिली

पूछताछ के बाद गिरफ्तार रक उसके खिलाफ एमएमडीआर एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

## इंजीनियर्स फोरम की टीम छाई

**भरतपुर ।** अभियंता दिवस के उपलक्ष्य में इंजीनियर्स फोरम भरतपुर द्वारा आयोजित खेलकूद प्रतियोगिताओं के अंतर्गत आज 19 स्पोट्र्स अकादमी के क्रिकेट मैदान पर विभिन्न विभागों एवं इंजीनियर्स फोरम की टीमों के बीच क्रिकेट के लीग मैच खेले गए । इन प्रतियोगिताओं में जेवीवीएनएल, बीडीए, नगर निगम, पीडब्ल्यूडी, पीएचईडी, डब्ल्यूआरडी एवं इंजीनियर्स फोरम की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दिनभर चले रोमांचक मुकाबलों में जेवीवीएनएल, डब्ल्यूआरडी, नगर निगम एवं इंजीनियर्स फोरम की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने मुकाबलों में विजय प्राप्त की। आज की विजेता टीमों के बीच कल 19 स्पोट्र्स अकादमी के क्रिकेट मैदान पर सेमीफाइनल एवं फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। साथ ही, महिला अभियंताओं की खेलों में सहभागिता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से महिला अभियंताओं के बीच विशेष क्रिकेट मैच का भी आयोजन किया जाएगा। इंजीनियर्स फोरम द्वारा खेलों के माध्यम से विभिन्न विभागों के अभियंताओं के बीच आपसी समन्वय को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को जिला क्लब में बैडमिंटन, शतरंज, कैरम, लॉन टेनिस एवं टेबल टेनिस की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

## गणपति बप्पा मोरया के जयघोष से गूंजेगा दौसा शहर

**दौसा** (निसं.)। श्री सिद्धि विनायक मंदिर में 13 व 14 सितंबर को आयोजित दो दिवसीय गणेश चतुर्थी महोत्सव के तहत विभिन्न धार्मिक एवं भक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति के सचिव एडवोकेट लक्ष्मीकांत शर्मा ने बताया कि श्री सिद्धि विनायक सब्जी मंडी दौसा मंदिर परिसर में 13 एवं 14 सितंबर को विभिन्न धार्मिक एवं भक्ति कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि महोत्सव के प्रथम दिवस 13 सितंबर को प्रात: 8:15 बजे अभिषेक एवं पूजन का आयोजन होगा। इस दौरान भगवान श्री गणेश का दुग्धाभिषेक एवं पंचामृत अभिषेक विधि-विधान से किया जाएगा। सायं 7:15 बजे मेहंदी कार्यक्रम आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि महोत्सव के दूसरे दिन 14 सितंबर को प्रात: 5:15 बजे मंगल आरती से कार्यक्रमों का शुभारंभ होगा। इसके बाद दोपहर 12:15 बजे भोग आरती तथा सायं 6:15 बजे भव्य महाआरती आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर भगवान श्री गणेश की फूल बंगला झांकी एवं मोदक झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी। इसके साथ ही विभिन्न धार्मिक एवं भक्ति कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। रात्रि में धार्मिक भजनामृत एवं रात्रि जागरण का

- 13 एवं 14 सितंबर को होगा गणेश चतुर्थी महोत्सव का भव्य आयोजन

आयोजन होगा, जिसमें श्रद्धालु भजनों एवं भक्ति संगीत के माध्यम से गणपति महाराज की आराधना करेंगे। उन्होंने बताया कि महोत्सव में दौसा सहित आसपास के ठामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। श्रद्धालुओं की भारी संख्या को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए है। उन्होंने बताया कि विशेषकर महाआरती, झांकियों एवं रात्रि जागरण के दौरान विशेष रूप से श्रद्धालुओं की बडी संख्या में उपस्थित रहते है, ऐसे में श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा तथा कानून-व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए जिला एवं पुलिस प्रशासन से पर्याप्त पुलिस जाप्ता, महिला पुलिस बल एवं आवश्यकतानुसार यातायात व्यवस्था उपलब्ध करवाने का अनुरोध किया गया है। इधर आयोजक समिति ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में धार्मिक कार्यक्रमों में सम्मिलित होकर भगवान श्री गणेश का आशीर्वाद प्राप्त करें।

## छात्राओं को नशामुक्ति की शपथ दिलाई

**कोटपूतली** । यहां के डाबला रोड स्थित पाना देवी राजकीय कन्या महाविद्यालय में दिवेर विजय महोत्सव के अंतर्गत महाराणा प्रताप : विजय योद्धा और कुशल प्रशासक विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. आर.पी. गुर्जर ने की। मुख्य वक्ता के रूप में एलबीएस पीजी महाविद्यालय के सहायक आचार्य एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला समन्वयक डॉ. अशोक सिंह चौहान उपस्थित रहे। भाषण प्रतियोगिता में छात्राओं ने महाराणा प्रताप के शौर्य, संघर्ष, राष्ट्रिनष्ठा, प्रशासनिक दक्षता तथा जनकल्याणकारी दृष्टिकोण पर अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में स्नातक तृतीय वर्ष की छात्रा एरिन कुरैशी ने प्रथम, बी.ए. प्रथम वर्ष की निशा रावत ने द्वितीय तथा तानिया शर्मा और ममता सैनी ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता छात्रायें आगामी 15 सितंबर को एलबीएस महाविद्यालय में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगी। इस प्रतियोगिता में शिवानी, अनिशा, ममता सैनी आदि छात्राओं ने भी

- प्रतियोगिता में स्नातक तृतीय वर्ष की छात्रा एरिन कुरैशी ने प्रथम

भागीदारी की। कार्यक्रम के दौरान नशामुक्ति केंद्र के तत्वाधान में डॉ. अशोक सिंह चौहान ने नशामुक्ति और युवा विषय पर विशेष व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि नशा केवल बीड़ी और तंबाकू तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके अनेक रूप हैं। युवाओं को इन विभिन्न प्रकार के नशे तथा उनके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि छात्राओं को भविष्य में अनेक सामाजिक चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, इसलिये नशे के खतरों और नशामुक्ति अभियान के उद्देश्य को आज से ही समझना जरूरी है। कार्यक्रम में प्रो. विष्वंभर दयाल, प्रो. मनोज कुमार सैनी, प्रो. प्रतिभा पोषवाल, प्रो. हरेंद्र चंदेला, डॉ. प्रिया खंगरावत सहित महाविद्यालय स्टॉफ एवं सैकड़ों छात्रायें उपस्थित रहीं। डॉ. महेंद्र सिंधु ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## बदलते मौसम में लोगों को बीमारियों ने घेरा

**पावटा।** मौसम में लगातार हो रहे उतार चढ़ाव के चलते इसका असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। लोगों को सर्दी, जुकाम, बुखार सहित तमाम बीमारियों ने घेर रखा है। बीमारियों की जद में आने के बाद लोग सीधे अस्पतालों की ओर रुख कर रहे हैं। ऐसे में अस्पतालों की ओपीडी में बढ़ोतरी हुई है। उपजिला अस्पताल पावटा में बीते दिनों उपचार एवं स्वास्थ्य सेवाओं के लिए पहुंचने वाले मरीजों की संख्या में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिला। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार 7 सितंबर को सर्वाधिक 1244 मरीज पहुंचे, जबकि 4 सितंबर को 370 मरीज दर्ज किए गए। दैनिक आंकड़ों के अनुसार 4 सितंबर को 370, 5 सितंबर को 705, 6 सितंबर को 395, 7 सितंबर को 1244, 8 सितंबर को 1018, 9 सितंबर को 432 मरीज दर्ज किए गए। उपजिला अस्पताल पावटा में मरीजों की संख्या में आए इस उतार-चढ़ाव को लेकर अस्पताल प्रशासन द्वारा उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं के अनुसार मरीजों को आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

# सायरन बजते ही दौड़ी राहत टीम, 15-20 यात्रियों को बचाने का अभ्यास

**लालसोट।** संभावित रेल दुर्घटना की स्थिति में रेलवे की तत्काल प्रतिक्रिया और राहत-बचाव व्यवस्था को परखने के लिए शनिवार को लालसोट रेलवे स्टेशन पर मॉक ड्रिल आयोजित की गई। जयपुर मंडल के अधिकारियों के निर्देशन में हुए अभ्यास में रेलवे के साथ , , सिविल डिफेंस, होमगार्ड, फायर ब्रिगेड और चिकित्सा टीमों ने हिस्सा लिया। कल्पित हादसे ने मचाई हलचल, मिनटों में एक्टिव हुआ रेलवे का पूरा रेस्क्यू सिस्टम मॉक ड्रिल के दौरान लालसोट रेलवे स्टेशन यार्ड में किलोमीटर संख्या 44/3-4 पर ट्रेन संख्या 09725 के पटरी से उतरने की काल्पनिक स्थिति बनाई गई। इसमें करीब 15-20 यात्रियों के घायल होने की स्थिति मानकर राहत एवं बचाव कार्यों का अभ्यास किया गया।दुर्घटना की सूचना मिलते ही रेलवे की राहत व्यवस्था सक्रिय की

- लालसोट में रेल हादसे का मॉक ड्रिल

गई और आवश्यक संसाधनों को तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। जयपुर से दुर्घटना राहत एवं बचाव ट्रेन भी रवाना की गई। रेलवे की विभिन्न शाखाओं के अधिकारी एवं कर्मचारी मौके पर पहुंचे और संयुक्त रूप से रेस्क्यू ऑपरेशन का अभ्यास किया। मॉक ड्रिल में , , सिविल डिफेंस, होमगार्ड, फायर विभाग सहित रेलवे के वाणिज्य, परिचालन, इंजीनियरिंग, सिग्नल एवं दूरसंचार, विद्युत और चिकित्सा विभाग की टीमों ने भाग लिया। घायलों को सुरक्षित निकालने, प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध कराने और राहत संसाधनों को घटनास्थल तक पहुंचाने की प्रक्रिया को परखा गया।

रवि जैन बोले-आपात स्थिति में बेहतर तालमेल ही सबसे बड़ी ताकत

जयपुर मंडल रेल प्रबंधक रवि जैन ने बताया कि मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य संभावित रेल दुर्घटना के दौरान रेलवे की त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता और राहत-बचाव संसाधनों की उपलब्धता को जांचना है। उन्होंने कहा कि ऐसे अभ्यासों से रेलवे, , , सिविल डिफेंस, होमगार्ड और फायर विभाग सहित सभी एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल सुनिश्चित करने में मदद मिलती है।

अभ्यास के दौरान अधिकारियों ने कर्मचारियों की तत्परता, राहत संसाधनों की उपलब्धता, घटनास्थल तक पहुंचने में लगने वाले समय और विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय का भी आकलन किया।